## एक नजर में

### 48 घंटे मे चोरों को माल सहित धर दबोचा

**छापीहेड़ा 08 नवम्बर, सं.** समीपस्थ ग्राम कांकरिया में 5 नवंबर दोपहर में सूने मकान में चोरों ने सोयाबीन व चांदी की पायजेब चुरा कर ले गए थे. सक्रिय मुखबिर, साइबर सेल, सीसीटीवी कैमरे की मदद से थाना प्रभारी संगीता शर्मा की टीम में नरेंद्र सिंह झाला, विवेक पाटिल, सापसिंह, अरुण सिंह आदि को शामिल कर जांच की. चोरों को 48 घंटे के अंदर एक व्यक्ति बनवारी पिता मनोहर लाल उम्र 35 मेरोठा को गिरफ्तार कर जांच की तो दो चोर और बताएं जिसमें बहादुर सिंह भिलाला निवासी सास्ताखेड़ी थाना मोहन बड़ोदिया, संजय पिता शिवनारायण दांगी उम्र 34 वर्ष जटामडी ने मिलकर चोरी की थी. थाना प्रभारी ने बताया कि अलग-अलग दबिश देकर इको कार मैं सोयाबीन एक बोरी बैच दी थी एक क्विंटल कार में रखी थी जिसको दबिश देकर पकडी एक बोरी सोयाबीन पायेजब कार सहित जप्त की तीनों चोरों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया.

### नवीन कार्यकारिणी बनाई

**नवभारत न्यूज, ब्यावरा 08 नवम्बर, का.** नगर में कसेरा समाज की बैठक रखी गई जिसमें नवीन कार्यकारिणी बनाई गई. अध्यक्ष गिर्राज कसेरा द्वारा कार्यकारिणी में वरिष्ठ उपाध्यक्ष घनश्याम कसेरा, उपाध्यक्ष कमल कसेरा, सचिव कैलाश कसेरा, आनंद कसेरा, महामंत्री नवीन आर्य, सूचना मंत्री विवेक आर्य को बनाया गया. इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष गोपाल कसेरा, दिलीप कसेरा, बंसी कसेरा, संजय कसेरा, रमेश कसेरा, राम सहाय आर्य, रूपेश कसेरा, ऋषि कसेरा, हरि कसेरा, अमन कसेरा, राजेश आर्य, मोहन कसेरा, संजय कसेरा उपस्थित रहे.

### न्याय उत्सव आज से

**नवभारत न्यूज, नरसिंहगढ़ 08 नवम्बर, सं.** मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर की ओर से 9 से 14 नवंबर तक न्याय उत्सव विधिक सेवा सप्ताह मनाया जाएगा. उत्सव का उद्देश्य विधिक सेवा योजनाओं का प्रचार प्रसार, योजनाओं का लाभ आम जनता तक पहुंचाना और जन सामान्य तक न्याय की पहुंच सुनिश्चित करने पर आधारित रहेगा. एसडीएम सुशील कुमार ने बताया कि राजगढ़ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष सत्र न्यायाधीश राजीव आप्टे के निर्देशन और तहसील विधिक सेवा समिति अध्यक्ष अपर सत्र न्यायाधीश अशोक भारद्वाज के नेतृत्व में किया जाएगा. जिसमें पहले दिन आज 9 नवंबर को सुबह 8 बजे नरसिंह स्टेडियम से न्यायालय परिसर तक मैराथन का आयोजन होगा. न्याय अधिकार है उपकार नहीं के संदेश के साथ इसमें सामान्यजन, पैरा लीगल वॉलिंटियर्स, पैनल अधिवक्ता, स्वयंसेवी संगठन और वॉलिंटियर्स शामिल होंगे. पूरे अभियान के दौरान अलग-अलग दिनों में जेल बंदियों, स्कूलों और कॉलेज के विद्यार्थियों, ग्रामीणों, श्रमिकों, महिलाओं और बच्चों की देखरेख करने वाले संस्थानों के साथ भी गतिविधियां की जाएंगी. इसका समापन 14 नवंबर को सुबह 10 बजे नगर पालिका कार्यालय परिसर से बाइक रैली के साथ होगा. रैली महाराज मेहताब सिविल अस्पताल होते हुए न्यायालय परिसर पहुंचेगी.

# सैकड़ों जर्जर स्कूलों को मरम्मत का इंतजार

## 393 प्राथमिक शालाएं अति जर्जर हालत में, क्या किसी हादसे के इंतजार में है विभाग

**785 नवीन भवन, मरम्मत, अतिरिक्त कक्ष का प्रस्ताव**

**77 शालाएं पूरी तरह जीर्णशीर्ण, नवीन भवन की मांग**





**नवभारत न्यूज**

**ब्यावरा 08 नवम्बर, का.** पढ़ाई के स्तर को बेहतर से बेहतर बनाने शासन द्वारा लाखों, करोड़ों रुपये खर्च कर बच्चों को शासकीय स्कूलों में अच्छी से अच्छी पढ़ाई की सुविधा देने के प्रयास किए जा रहे है वहीं जिले में ही दर्जनों की संख्या में ऐसे शासकीय शाला भवन है जिनको मरम्मत का इंतजार है. ऐसे ही जर्जर भवनों में जोखिम उठाकर नौनिहाल पढ़ाई करने को मजबूर है या फिर वहां से स्कूल को अन्य जगह दूसरे भवन में शिफ्ट कर दिया गया है. जिले की 393 प्राथमिक शालाओं की मरम्मत हेतु जिले से प्रस्ताव वरिष्ठ कार्यालय को गया है परन्तु आज दिनांक तक इनकी मरम्मत की स्वीकृति नहीं मिल सकी है. सैकड़ो जीर्णशीर्ण शासकीय शाला भवनों को अपनी मरम्मत किए जाने की दरकार है.

गौरतलब है कि बारिश में ऐसे जर्जर भवनों को चिन्हित कर वहां से स्कूल खाली कर अन्य सुरक्षित भवनों में शिफ्ट कर संचालित किए गये. जिला शिक्षा विभाग द्वारा ऐसे जर्जर भवनों की मरम्मत हेतु स्टीमेट तैयार कर वरिष्ठ कार्यालय को भेजा गया. परन्तु आज दिनांक तक इनकी मरम्मत की स्वीकृति नहीं हो सकी है.

### स्वीकृति का इंतजार

जिला शिक्षा विभाग के अनुसार जिले भर से कक्षा 1 से 8 वीं तक की 393 प्राथमिक शालाओं की मरम्मत हेतु प्रस्ताव भेजे गये है. स्वीकृति होने पर संबंधित शाला प्रबंधन इन भवनों की मरम्मत करा

### यहां मरम्मत की दरकार

जिले भर में करीब 393 प्राथमिक शालाओं को मरम्मत की जरुरत है. किंतु कई ऐसे शाला भवन है जिनको मरम्मत की जल्द से जल्द दरकार है. ब्यावरा ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय अमरपुरा, प्रावि जामन का पूरा, प्रावि बरखेड़ी (अमरगढ़), प्रावि सारस्याबे, प्रावि कादियाखेड़ी सहित दर्जनों शाला भवन ऐसे है जहां जल्द मरम्मत किए जाने की आवश्यकता है.

**भवनों की मरम्मत आवश्यक**

जर्जर भवनों की मरम्मत होना सुरक्षात्मक दृष्टि से अति आवश्यक है. उल्लेखनीय है कि पूर्व में कुछ जर्जर भवनों की छत से प्लास्टर भरभराकर नीचे आ गिरा था. इस तरह की घटनाओं के कारण एक डर सा बना रहता है.

### चिंतित करने वाले हालात

नौनिहाल ऐसे जर्जर भवनों में पढ़ाई करने जाते है तो हर समय एक चिंता बनी रहती है. कई जीर्णशीर्ण भवनों की छत, दीवारों पर बरसाती, तिरपाल ढंके हुए देखे जा सकते है. परन्तु तेज आंधी, बारिश में डर बना रहता है. हालांकि कई अति जर्जर भवनों को खाली कर अन्यत्र जगह कक्षाएं संचालित की जा रही है.

**12 शालाएं अन्यत्र शिफ्ट**

ब्यावरा विकासखण्ड की 12 ऐसी शालाएं जिनके भवन बहुत ही अधिक दयनीय स्थिति में होने से शिक्षा विभाग द्वारा बारिश के मौसम में इन शालाओं को अन्य जगह घर, दालान व हॉल में शिफ्ट कर दिया गया है ताकि भविष्य में किसी प्रकार का कोई खतरा न हो.

**ग्रामीणों ने सहर्ष दी जगह**

सुरक्षा की दृष्टि से ऐसी जर्जर शालाओं को अन्य जगह शिफ्ट करने हेतु घर, दालान या हॉल में बच्चों की पढ़ाई के लिए ग्रामीणजनों द्वारा सहर्ष जगह दे दी गई जहां वर्तमान में शालाएं संचालित की जा रही है.

# वन विभाग की बजाय निकाय पकड़ेंगी उद्दण्ड बंदरों को

## लाल मुंह के बंदरों का आतंक, बदल गए नियम

**अगस्त में वनमंत्रालय ने अधिकसूचना जारी की**

**लेकिन सीएम हेल्पलाईन के केस अभी भी वन विभाग को पहुंच रहे**

**नवभारत न्यूज**

**ब्यावरा 08 नवंबर, का. शहरों, नगरों के रहवासी ईलाकों में उत्पात मचाने वाले लाल मुंह के उद्दण्ड बंदरों को अब तक वन विभाग नियंत्रित, संरक्षित करता रहा है. लेकिन अब व्यवस्था में बदलाव कर दिया गया है. इस आशय की अधिसूचना अगस्त माह में जारी की गई है. 25 अगस्त को वन मंत्रालय द्वारा जारी सूचना के अनुसार वन्य प्राणी अधिनियम 1972 में संशोधन के मुताबिक लाल मुंह के बंदरों को पकड़ने के लिए वन विभाग को अधिकार नहीं है.**

इसके लिए शिकायत मिलने पर स्थानीय नगरीय निकाय, ग्राम पंचायत जिम्मेदार रहेंगी. लेकिन अभी भी सीएम हैल्पलाईन पर लाल मुंह के बंदरों की शिकायत वन विभाग को भी प्रेषित की जा रही है. ऐसे में समस्याओं का निदान नहीं हो पा रहा है.

### अंजनीलाल मंदिर क्षेत्र में लाल बंदर का आतंक



ब्यावरा नगर के अंजनीलाल मंदिर क्षेत्र में लाल मुंह के एक बंदर ने आतंक मचा रखा है. इस बंदर की उद्दण्डता से लोग परेशान हो रहे है. यह बंदर लोगों की गाड़ी की चाबियां निकालकर भाग जाता है, मंदिर के भीतर सामग्री बखेरने का प्रयास करता है, दर्शनार्थियों के जूते चप्पल लेकर भागता है. मंदिर ट्रस्ट के वरिष्ठ सदस्य जुगलकिशोर गुप्ता टाटा ने बताया कि उक्त बंदर पिछले कुछ समय से यहां उत्पात मचा रहा है. प्रारंभ में इसकी उद्दण्डता को आस्थावश लोगों ने नजरअंदाज किया लेकिन यह लगातार परेशानी का कारण बनता जा रहा है. जानकारी यह भी है कि यह बंदर किसी का पालतू है और मालिक ने इसे किसी अन्य व्यक्ति को दे दिया. उस व्यक्ति ने भी इसे खुले में छोड़ दिया है. अब नगर पालिका और वन विभाग को इसका रेस्क्यू करना चाहिए. अन्यथा यह किसी को घायल भी कर सकता है.

# भीलवाड़िया के ग्रामीण बनाएंगे भव्य गौशाला

## गौमाता के प्रति सच्ची सेवा की अभिव्यक्ति



**नवभारत न्यूज**

**करनवास 08 नवम्बर, सं. हाईवे, सड़क, चौराहों पर खुले आसमान के नीचे यहां से वहां भटकने को मजबूर बेसहारा गौवंश की पीड़ा को समझते हुए करनवास के समीप ग्राम पंचायत भीलवाड़ीया के ग्रामीणजनों द्वारा स्वयं गौशाला का निर्माण करने का अहम निर्णय लिया गया है.**

इस अनुकरणीय पहल में सरकार की मदद का इंतजार किए बिना ग्रामीणों ने स्वयं आपस में सहयोग करते हुए गांव में गौशाला निर्माण का निर्णय लिया. इसमें ग्राम पंचायत की अहम भूमिका है.

ब्यावरा तहसील की ग्राम पंचायत भीलवाड़ीया में एक सराहनीय पहल की है. गौवंश की सुरक्षा, देखरेख के लिए इस तरह की यह पहली अनुकरणीय पहल देखी जा रही है जिसमें ग्रामीणजनों द्वारा सामूहिक रुप से सहयोग करते हुए गौशाला का निर्माण करने का निर्णय लिया है. यह गौमाता के प्रति एक सच्ची श्रद्धा, गौसेवा को दर्शाता है.

**अनुकरणीय प्रयास-** गांव की शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने के बाद फिर वहां अतिक्रमण न हो और यह भूमि किसी अनुकरणीय कार्य में काम आ सके इसको देखते हुए पंचायत द्वारा अनुकरणीय पहल की गई. ग्राम पंचायत के सरपंच सरजन सिंह गुर्जर के प्रयासों से यह संभव हुआ. उन्होंने गांव में स्थित शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया और उसे पंचायत को सौंप दिया. यह जमीन गौशाला निर्माण के लिए उपयुक्त थी लेकिन जब शासन प्रशासन से गौशाला के लिए स्वीकृति नहीं मिली मिली तो एक नई चुनौती सामने आई कि कहीं दोबारा उक्त भूमि पर अतिक्रमण नहीं हो जाए इसको देखते हुए ग्रामीणों ने सामूहिक रुप से सहयोग करते हुए गौशाला का निर्माण करने का फैसला लिया. सरपंच द्वारा ग्रामीणजनों को साथ लेकर बैठक की जिसमें निर्णय लिया कि सभी के सहयोग से सहयोग राशि जुटाकर गौशाला का निर्माण कराया जाएगा. इसके बाद गौशाला की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया. गांव में गौशाला का निर्माण कार्य शुरु कर दिया गया है.

### दो दिन बंद रहेगी कृषि मंडी

**नवभारत न्यूज, ब्यावरा 08 नवम्बर, का.** माह के दूसरे रविवार एवं सोमवार साप्ताहिक अवकाश के चलते दो दिन स्थानीय कृषि उपज मंडी में अवकाश रहेगा. मंडी प्रबंधन के अनुसार आज 9 नवम्बर को रविवार होने एवं 10 नवम्बर को सोमवार साप्ताहिक अवकाश के कारण मंडी में नीलामी कार्य बंद रहेगा. मंडी प्रबंधन द्वारा किसान बंधुओं से अवकाश के इन दो दिन उपज विक्रय हेतु मंडी में नहीं लाने का आग्रह किया गया है.

# डिप्टी रेंजर विवाद : आरोपों के बाद विभाग ने जांच बैठाई

**नवभारत न्यूज**

**राजगढ़ 08 नवंबर, का.** एक दिन पूर्व डिप्टी रेंजर द्वारा आरा मशीन संचालकों पर धमकी देने के आरोप के जवाब में संचालकों ने डिप्टी रेंजर पर अवैध वसूली के आरोप लगाए है. डिप्टी रेंजर द्वारा खिलचीपुर विधायक पर भी आरोप लगाए गए थे.

अब मामले में कथित रूप से कोई ऑडियो सामने आने के बाद वन विभाग ने जांच समिति का गठन किया है जो कि अगले 3 दिनों में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी.

उल्लेखनीय है कि बीते दिनों डिप्टी रेंजर मोहन सिंह सोनगिरा पिता चंदन सिंह निवासी वार्ड क्रमांक 6 करनीमाता मंदिर ने बताया कि बीते 27 अक्टूबर को उन्होंनें आरा मशीनों के विरूद्ध नियमानुसार सील करने की कार्यवाही की थी. इसके बाद उन्होंने 4 लोगों की ओर से जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए थे. मामले की एसपी को शिकायत की गई थी. मोहन सिंह सोनगिरा ने नामजद शिकायत करते हुए कालूराम पिता बापूलाल विश्वकर्मा छापीहेड़ा, गब्बर पिता हबीब खां जीरापुर, रमेश पिता कालू विश्वकर्मा जीरापुर और महेश गुड्डा पिता जगन्नाथ राठौर जीरापुर पर गला काटने और गुप्त अंग काटने की धमकी के आरोप लगाए है. हालांकि मामले में दूसरे पक्ष अथवा विधायक खिलचीपुर की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है. डिप्टी रेंजर मोहन सिंह के अनुसार उन्हें 27 अक्टूबर, 4 नवंबर, 28 अक्टूबर और 4 नवंबर को क्रमशः चारों लोगों ने धमकियां दी.

इधर चारों आरा मशीन संचालकों ने आरोप लगाया है कि डिप्टी रेंजर अवैध वसूली कर रहे है और इसकी शिकायत उन्होंने विधायक समेत विभाग को की है. मामला बढ़ने पर विभाग ने जांच समिति बैठाई जिसमें उप वन मण्डलाधिकारी अध्यक्ष होंगे. जो कि 3 दिनों में पूर्ण करेंगे.

# सालों बाद नवंबर में इतना गिरा पारा

## शनिवार को 7 .4 डिग्री पर पहुंचा न्यूनतम तापमान



**नवभारत न्यूज**

**ब्यावरा 08 नवंबर, का. सालो बाद ऐसा हुआ है कि नवम्बर माह का दूसरा सप्ताह प्रारंभ होने पर ही न्यूनतम तापमान में इतनी अधिक गिरावट होना सामने आया है. शनिवार को न्यूनतम तापमान 7.4 डिग्री पर जा पहुंचा.**

गौरतलब है कि नवंबर माह के पहले सप्ताह में ही इस बार न्यूनतम तापमान में काफी गिरावट होने लगी. चार दिन के भीतर के पहले सप्ताह के आखिरी में एकाएक ठंड का प्रकोप बढ़ गया है. चार दिन के भीतर न्यूनतम तापमान में 6 डिग्री की गिरावट हो गई.

गुरुवार की शाम से ही ठंड का प्रकोप एकाएक बढ़ गया. रात्रि में भी वातावरण में काफी ठंडक रही. 5 नवम्बर को न्यूनतम तापमान 13.6, 6 नवम्बर को 11 एवं 7 नवम्बर को 9 तथा 8 नवम्बर को को न्यूनतम तापमान गिरते हुए 7.4 डिग्री पर जा पहुंचा. मौसम विभाग के अनुसार सालों बाद नवम्बर माह के पहले सप्ताह में ही न्यूनतम तापमान में इतनी कमी होना देखा जा रहा है. शनिवार को दिन भर मौसम में ठंडक रही. शाम होते ही ठंड का प्रकोप काफी बढ़ गया. एकाएक बढ़े ठंड के प्रभाव ने लोगो को ठिठुरा दिया है. गर्म कपड़े सहित अलाव का सहारा लेना पड़ रहा है. शनिवार की शाम से ही कई जगह अलाव जलते हुए देखे गये.



# दूध के 29 सैम्पलों में पानी की मिलावट पाई गई

**नगर के विभिन्न स्थानों से लिए दूध, घी के सैम्पल**

**दूध का दूध, पानी का पानी अभियान के तहत की लैब से जांच**

**नवभारत न्यूज**

**ब्यावरा 08 नवम्बर, का.** दूध का दूध, पानी का पानी अभियान के तहत ब्यावरा में सांची संघ से प्रत्यायोजित सांची लेबोरेटरी द्वारा विभिन्न स्थानों पर दूध एवं दूध से बने खाद्य पदार्थों के नमूनों की जांच की गई. नगर के विभिन्न स्थानों पर से 105 सेम्पल लेकर चलित लैब में जांच की गई जिसमें 29 सेम्पल में पानी की मात्रा अधिक पाई गई.

जांच के दौरान अपना नगर स्थित कॉलोनी में उपभोक्ताओं द्वारा अपने घर से लाए गए दूध एवं घी के 38 नमूनों की जांच की गई, जिनमें से 12 नमूनों में पानी की मात्रा अधिक पाई गई, जबकि एक घी का नमूना मानक स्तर का पाया गया. एक दूध के नमूने में यूरिया की मात्रा सामान्य से अधिक पाई गई.

इसी तरह सुभाष चौक स्थित नीम चौराहा क्षेत्र से 35 नमूने लिए गये जिनमें से 9 नमूनों में पानी की मिलावट अधिकता पाई गई. स्थानीय शिवधाम कॉलोनी से 32 नमूने लेकर जांच की जिसमें से 8 नमूनों में पानी की अधिकता मिली. जबकि एक घी का नमूना मानक स्तर का पाया गया. खाद्य सुरक्षा अधिकारी शिवराज पावक ने बताया कि ये सभी नमूने उपभोक्ताओं द्वारा अपने घर से जांच हेतु लाए गए निरीक्षण के दौरान कुछ दूध डेयरी में भी जांच की गई तथा कुछ जगह से घी एवं बटर के नमूने जांच हेतु लिए गये.

**अन्य जगह भी होगी जांच** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शोभा पटेल के मार्गदर्शन में सांची संघ से प्रत्यायोजित प्रयोगशाला द्वारा नियमित रूप से दूध एवं दुग्ध उत्पादों की जांच की जा रही है. आगामी दिवस में अभियान के तहत राजगढ़ एवं जिले की अन्य तहसीलों में भी जांच की जाएगी.

**शहर विकास** ▶ वार्ड क्रमांक 8 में सवा करोड़ से बनेगा सारंगपुर का बस स्टैंड, खुदाई के बाद होगा सीसी निर्माण

# अध्यक्ष ने कहा पार्षद भ्रमित कर रहे, सबसे ज्यादा काम उन्हीं के वार्ड में

**नवभारत न्यूज**

**सारंगपुर 08 नवंबर, सं.** नगर में आगामी दिनों में होने वाले विकास कार्यों को लेकर शुक्रवार को नगर पालिका में नपाध्यक्ष द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस रखते हुए शहरवासियों को भ्रमित जानकारी और मिथ्या बातों पर ध्यान न देकर शहर में होने वाले विकास कार्यों में सहयोग करने की बात मीडिया के माध्यम से शहरवासियों से कही गई. नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल ने कहा कि परिषद के वार्ड 8 के पार्षद प्रतिनिधि वार्ड वासियों को भ्रामक जानकारी देकर अधिकारियों को ज्ञापन दिलाया है. जबकि वार्ड क्रमांक 8 में स्थित बस स्टेंड, बदलीपुरा रोड, अंबिकापुरी कालोनी अस्पताल रोड, प्रसिद्ध खेड़ापति हनुमान मंदिर की बाउंड्री वॉल सहित अनेक विकास कार्य वार्ड में प्रतावित है. साथ ही उक्त वार्ड के कई विकास कार्य विधायक निधि, मुख्यमंत्री अधोसरंचना, कायाकल्प जैसे काम शीघ्र शुरू होने की कगार पर है.



### 1 करोड़ से अधिक की लागत से बनेगा बस स्टेंड

नपाध्यक्ष पालीवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि वार्ड 8 में स्थित शहर का न्यू बस स्टेंड का निर्माण कार्य जल्द ही लगभग 3 फीट खुदाई के बाद सिसी निर्माण के साथ किया जाएगा, जिसकी लागत 1 करोड़ 25 लाख आंकी गई है. बस स्टेंड सीसी निर्माण से यात्री वाहन चालकों के साथ साथ पूर्व में किए गए डामरीकरण के दौरान बेतरतीब ढंग से छोड़े गए छोटे बड़े गड्ढों से भी व्यापारियों व छोटे दुकानदारों को निजात मिलेगी. नपाध्यक्ष ने कहा है कि बस स्टेंड निर्माण की राशि नागरिकों की सुविधा अनुसार बढ़ाने नगरीय प्रशासन मंत्री से मांग भी की गई है.

### विकास कार्यों में रोड़ा बन रहे प्रतिनिधि

बता दे कि बीते दिन वार्ड 8 के पार्षद, नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रतिनिधि निलेश वर्मा ने वार्डवासियों के साथ प्रशासनिक अधिकारी को सौंपे गए ज्ञापन में आरोप लगाते हुए कहा था कि, विधायक निधि से मिली वार्ड 8 के विकास कार्य की राशि, अन्य वार्ड में लगाई जा रही है. वही नपाध्यक्ष ने अपना तर्क रखते हुए कहा कि वार्ड 8 के अधिकांश परिवारों से अच्छे संबंध होने के साथ साथ इस वार्ड की भौतिक स्थिति से भलीभाती परिचित हूं. दूसरी तरफ परिषद में सभी 17 पार्षदों नपा बैठक में शहर विकास में अपना मत दिया है. लेकिन वार्ड 8 के पार्षद प्रतिनिधि नगर विकास कार्यों में कई बार रोड़ा लगाने से बाज नहीं आ रहे, इस कारण कई बार शहर विकास कार्य समय पर पूरे नहीं हो पाए है.

**हर वार्ड में होगा विकास**

हमारी परिषद ने बीते 3 सालों में प्रत्येक वार्डों में विकास कार्य किए है. इस सत्र की बैठक में हमने वार्ड 8 के निर्माण कार्यों को पहले करने की प्राथमिकता दी है, इस वार्ड के कई परिवार सीधे मुझसे जुड़े हुए है. जल्द ही बस स्टेंड सहित सभी प्रमुख कार्य शुरू कराए जाएंगे.

**पंकज पालीवाल, नपाध्यक्ष, सारंगपुर**